100 GK Questions for NDA (Hindi)

1.निम्नलिखित में से कौन-सा एक हड़प्पा का बन्दरगाह है?

A. सिकन्दरिया
B. लोथल
C. महास्थानगढ़
D. नागपट्टनम

2.अंग्रेज़ो ने अपना पहला व्यापारिक कारखाना कहाँ स्थापित किया ?

A. 1610, सूरत
B. 1611, अमरगाँव
C. 1626, हुगली
D. 1611, मसुलीपट्टनम

3.आमुक्तमाल्यद ______ है।

A. बहमनी साम्राज्य का दौरा करने वाले विदेशी यात्री का नाम
B. विजयनगर शासक द्वारा लिखी गया एक महाकाव्य
C. चोल शासन के दौरान स्टेप वेल बनाया गया
D. बहमनी साम्राज्य के तहत बक्शी का पद

4.ऐहोल शिलालेख में पुलकेशिन के हाथों हर्ष की हार का उल्लेख किया गया है, पुलकेशिन ने इस युद्ध के बाद उपाधि धारण की:

A. परमेश्वर
B. दिग्विजय
C. चक्रवर्ती
D. महाराजाधिराज

5.यक्ष पूजा निम्न में से किस धर्म की विशेषता है?

1) जैन धर्म

2) बुद्ध धर्म

3) हिन्दू धर्म

नीचे दिए गए कोड़ का उपयोग करके सही उत्तर का चयन करें:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 1 और 2
D. 1, 2 और 3

6.1917 का कांग्रेस अधिवेशन निम्नलिखित में से किस शहर में आयोजित किया गया था?

A. मुंबई
B. कोलकाता
C. चेन्नई
D. दिल्ली

7.इब्नबतूता इनमें से किस दिल्ली सुल्तान के दूत के रूप में चीन गया?

A. अलाउद्दीन खिलजी
B. मुहम्मद बिन तुगलक
C. इल्तुतमिश
D. फिरोज शाह तुगलक

8.बारदोली सत्याग्रह का प्रमुख नेता कौन था?

A. सरदार वल्लभ भाई पटेल
B. महात्मा गांधी
C. जवाहर लाल नेहरू
D. राजेंद्र प्रसाद

9.भारतीय राष्ट्रीयता का प्रतीक क्या था?

A. चरखा - खादी

B. अशोक चक्र - तलवार

C. लाठी - ऐनक

D. उपरोक्त में से कोई नहीं

10.निम्नलिखित में से किसे भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन की पितामही (Grandmother) के रूप में जाना जाता है?

A. कस्तूरबा गांधी

B. लक्ष्मीबाई

C. एनी बेसेंट

D. मैडम कामा

11.सूची – I को सूची – II से सुमेलित कीजिए और सूचियों के नीचे दिए गए कूटों से सही उत्तर चुनिए:

सूची-I

A) इलाहाबाद

B) मंगलोर की संधि

C) सालबाई की संधि

D) मद्रास की संधि

सूची-II

1) 1782

2) 1784

3) 1769

4) 1765

A. A-4 B-2 C-3 D-1
B. A-2 B-4 C-3 D-1
C. A-4 B-2 C-1 D-3
D. A-2 B-4 C-1 D-3

12.निम्नलिखित घटनाओं को कालानुक्रम में व्यवस्थित कीजिए और नीचे दिए कूटों में से सही उत्तर चुनिए:

I. पूना पैकट

II. गाँधी-इर्विन समझोता

III. क्रिप्स मिशन

IV. सविनय अवज्ञा आंदोलन

A. IV, II, III, I
B. II, IV, I, III
C. IV, II, I, III
D. III, I, IV, II

13.रवींद्रनाथ टैगोर द्वारा लिखी गई कविता आमारसोनार बांग्ला' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सही है?

A. यह टैगोर की पहली कविता थी।

B. इस कविता को बाद में बांग्लादेश ने अपने राष्ट्रगान के रूप में अपनाया।
C. इस कविता के लिए टैगोर को नोबेलपुरस्कार दिया गया।
D. यह कविता शांतनिकेतन में एक स्कूल कीप्रार्थना थी।

14.स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं की भूमिका के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1) महिलाओं के अधिकार और समानता के लिए संघर्ष को राष्ट्रीय स्वतंत्रता संग्राम के अभिन्न अंग के रूप में देखा गया था।

2) महिला संगठन का उद्भव सामाजिक सुधार आंदोलन और राष्ट्रवादी आंदोलन दोनों के साथ निकटता से जुड़ा हुआ था।

ऊपर दिए गए कौन से कथन सही हैं/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15.भारत में अंग्रेजी शासन के दौरान साहित्य, प्रेस, समाचार पत्रों और पत्रिकाओं के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें:

1) पहला प्रिंटिंग प्रेस मद्रास में स्थापित किया गया था।

2) वर्नाक्यूलर प्रेस एक्ट ने एक समाचार पत्र के प्रिंटर और प्रकाशक को कुछ प्रकार की सामग्री को प्रकाशित नहीं करने, सुरक्षा की मांग करने और किसी भी मुद्रित सामग्री को आपत्तिजनक समझे जाने पर जब्त करने के लिए बाध्य करने का अधिकार दिया।

ऊपर दिए गए कौन से कथन सही हैं/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

16.निम्नलिखित में किसके जन्मदिवस पर प्रकाश उत्सव पर्व मनाया जाता है?

A. गुरु नानक
B. गुरु अर्जुनदेव
C. गुरु तेगबहादुर
D. गुरु गोबिंदसिंह

17.भारत के मंदिर वास्तुकला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1) नागर वास्तुकला शैली में ऊंची चारदीवारी है जबकि द्रविड़ शैली में विस्तारित सीमाएँ नहीं हैं।

2) 'रेखादुल' और 'जगमोहन' ओडिशा वास्तुकला शैली की महत्वपूर्ण विशेषता हैं, जबकि सीढ़ीदार टंकियां सोलंकी शैली की विशेषताएं हैं।

3) वेसर शैली में द्रविड़ मंदिरों की तरह विमान की तरह सीढ़ीदार पिरामिड हैं जबकि वक्रीय शिखर को नागर शैली से उधार लिया गया है।

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

18.थेसोफिकल सोसाइटी का उद्देश्य क्या था?

A. नस्ल, संप्रदाय, लिंग, जाती या रंग के आधार पर भेदभाव किये बिना मानवता के लिए वैश्विक भाईचारे के लिए एक केंद्र की स्थापना करना।
B. धर्म, दर्शन और विज्ञान के तुलनात्मक अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करना।
C. प्रकृति के अस्पष्टिकृत नियमों और मनुष्य में अंतर्निहित शक्तियों का अन्वेषण करना।
D. उपरोक्त सभी

19.दूसरी जैन सभा का आयोजन______ में किया गया था।

A. पाटलिपुत्र
B. वल्लभी
C. काशी
D. वाराणसी

20.किसी मुद्रा का अवमूल्यन कब किया जाता है।

A. निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए
B. आयात को प्रोत्साहित करने के लिए
C. आयात और निर्यात दोनों को प्रोत्साहित करने के लिए
D. आयात और निर्यात दोनों को हतोत्साहित करने के लिए

21.निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद के अंतर्गत राज्यपाल को अध्यादेश जारी करने की शक्ति दी गई है?

A. अनुच्छेद 201
B. अनुच्छेद 213
C. अनुच्छेद 202

D. अनुच्छेद 163

22.दिए गए कथनों पर विचार कीजिये:

कथन 1. धन विधेयक को राज्यसभा 30 दिन तक रोक सकती है|

कथन 2. धन विधेयक के संबंध में राष्ट्रपति संयुक्त अधिवेशन बुला सकता है |
निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही है ?

A. केवल कथन 1 सही है|
B. केवल कथन 2 सही है |
C. कथन 1 और 2 दोनों सही है |
D. कथन 1 और 2 दोनों गलत है|

23.निम्नलिखित में से कितने दिन की लगातार अनुपस्थिति के बाद संसद के सदस्य की सदस्यता समाप्त हो जाती है ?

A. 50 दिन
B. 30 दिन
C. 60 दिन
D. 90 दिन

24.निम्नलिखित को राज्यसभा में आवंटित सीटों की संख्या के क्रम में अधिकतम से न्यूनतम की ओर व्यवस्थित करिए ?

1)बिहार

2)महाराष्ट्र

3)कर्नाटक

4)तमिलनाडु

5)उत्तर प्रदेश
दिए गए कोड के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिये-

A. 5,2,4,3,1
B. 2,5,4,3,1
C. 5,2,1,4,3
D. 5,2,4,1,3

25.संविधान के किस अनुच्छेद के तहत लोकसभा अध्यक्ष का पद रिक्त हो जाने पर उपाध्यक्ष लोक सभा की अध्यक्षता करता है ?

A. अनुच्छेद 93
B. अनुच्छेद 94
C. अनुच्छेद 95
D. अनुच्छेद 97

26.दिए गए कथनों पर विचार कीजिये:

कथन 1. अनुच्छेद 356 के तहत जारी उद्घोषणा का संसद के दोनों सदनों के द्वारा 6 माह के भीतर अनुमोदन आवश्यक है|

कथन 2. अनुच्छेद 356 के अंतर्गत उद्घोषणा संसद की साधारण बहुमत से अनुमोदित की जाती है|
निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही है ?

A. केवल कथन 1 सही है|
B. केवल कथन 2 सही है |
C. कथन 1 और 2 दोनों सही है |
D. कथन 1 और 2 दोनों गलत है|

27.निम्नलिखित में से कौन साधारण बहुमत द्वारा संशोधित होने वाले उपबंध हैं?

1) संघ में नए राज्यों का प्रवेश (अनुच्छेद 2)

2) नए राज्यों के निर्माण या वर्तमान राज्यों के क्षेत्र, नाम या सीमा में परिवर्तन (अनुच्छेद 3)

3) संघ की कार्यपालिका शक्ति का विस्तार(अनुच्छेद 73)

4) राष्ट्रपति का निर्वाचन (अनुच्छेद 54)

5) राज्यों में विधान परिषद का सृजन या समापन (अनुच्छेद 169)

दिए गए कोड के आधार पर सही उत्तर का चयन कीजिये-

A. केवल 1

B. केवल 1, 2 और 3

C. केवल 1,2और 5

D. केवल 1 और 2

28."केशवानंद भारती बनाम केरल" राज्य वाद में न्यायाधीशों की संख्या के किस अनुपात से निर्णय दिया गया ?

A. 5:8
B. 7:6
C. 9:5
D. 7:5
E. उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

29.निम्न कथनों पर विचार कीजिए:

कथन 1. अनुच्छेद 51:अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा को बढ़ावा देना

कथन 2. अनुच्छेद 50: राज्य न्यायपालिका को कार्यपालिका से अलग करेगा

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन सा सही है / हैं?

A. केवल कथन 1 सही है|

B. केवल कथन 2 सही है |

C. कथन 1 और 2 दोनों सही है |

D. कथन 1 और 2 दोनों गलत है|

30.निम्न कथनों पर विचार करें-

कथन 1. मंत्रिमंडल के प्रस्ताव के तहत नीति आयोग 1 जनवरी 2014 से अस्तित्व में आया|

कथन 2. 15 मार्च 1950 को एक गैर -सांविधिक निकाय के रूप में "राष्ट्रीय विकास परिषद" का गठन किया गया|
निम्नलिखित में से कौन सा/से विकल्प सही है/हैं ?

A. केवल कथन 1 सही है|
B. केवल कथन 2 सही है |
C. कथन 1 और 2 दोनों सही है |
D. कथन 1 और 2 दोनों गलत है|

31.राष्ट्रीय जांच एजेंसी __________ के प्रशासनिक नियंत्रण में काम करती है।

A. रक्षा मंत्रालय
B. गृह मंत्रालय
C. भारतीय सेना
D. प्रवर्तन निदेशालय
E. उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

32.संविधान का कौन सा अनुच्छेद मिजोरम राज्य के संबंध में विशेष प्रावधानों से संबंधित है?

A. अनुच्छेद 371G
B. अनुच्छेद 371J
C. अनुच्छेद 371F
D. अनुच्छेद 371 H
E. उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

33.निम्नलिखित में से किसे अनुच्छेद 350-B के अंतर्गत नियुक्त किया जाता है?

A. भाषाई अल्पसंख्यकों के लिए विशेष अधिकारी
B. हिंदी भाषा के लिए विशेष अधिकारी
C. अंग्रेजी भाषा के लिए विशेष अधिकारी
D. अनुसूचित जनजातियों के लिए विशेष अधिकारी

34.कौन सा अनुच्छेद उच्च न्यायालयों की बैठकों में सेवानिवृत्त न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए प्रदान करता है?

A. अनुच्छेद 224
B. अनुच्छेद 223
C. अनुच्छेद 224 A

D. इनमें से कोई नहीं

35.सर्वोच्च न्यायालय के मूल अधिकार क्षेत्र से संबंधित कौन सा अनुच्छेद है?

A. अनुच्छेद 131
B. अनुच्छेद 132
C. अनुच्छेद 133
D. अनुच्छेद 134
E. उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

36.निम्नलिखित में से कौन राज्य के महाधिवक्ता की नियुक्ति करता है?

A. मुख्यमंत्री
B. राष्ट्रपति
C. राज्यपाल
D. भारत का मुख्य न्यायाधीश

37.कौन सा अनुच्छेद प्रावधान करता है कि राज्यपाल लाभ का कोई अन्य पद नहीं रखेगा?

A. अनुच्छेद 158 (2)
B. अनुच्छेद 158 (3)
C. अनुच्छेद 158 (4)
D. इनमें से कोई नहीं

38.किस वर्ष में 'आंतरिक उपद्रव' के आधार पर एक राष्ट्रीय आपातकाल घोषित किया गया था?

A. 1971
B. 1965
C. 1999
D. 1975

39.44वें संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा, राष्ट्रीय आपातकाल की उद्घोषणा के लिए आंतरिक उपद्रव 'के रूप में कौन से शब्द को आधार बनाया गया है?

A. गृहयुद्ध
B. सशस्त्र विद्रोह
C. सशस्त्र हमला
D. पुलिस की कार्रवाई

40.''अध्यक्ष या उपाध्यक्ष के पद से हटाने का प्रस्ताव विचाराधीन है तब उनके द्वारा अध्यक्षता नहीं करना''। यह प्रावधान संविधान के किस अनुच्छेद के तहत प्रदान किया गया है?

A. अनुच्छेद 96
B. अनुच्छेद 97
C. अनुच्छेद 95
D. अनुच्छेद 98

41.अनुच्छेदों का कौन सा वर्ग, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांतों के प्रावधानों से संबंधित है?

A. अनुच्छेद 27-35
B. अनुच्छेद 40-48
C. अनुच्छेद 36-51
D. अनुच्छेद 41-48 A
E. उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

42."भारत में सीमेंट उद्योग" के सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा / से कथन सत्य है / हैं?

1) सीमेंट प्लांट की स्थापना भारत में चूना पत्थर के भंडार पर आधारित है।

2) विश्व में प्रति व्यक्ति औसत उपभोग की तुलना में भारत में सीमेंट की औसत प्रति व्यक्ति खपत कम है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए।

कूट:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

43.निम्नलिखित में से कौन सा एक सही सुमेलित नहीं है?

(यूरेनियम उत्पादक खान) (देश)

A. रॉसिंग - नामीबिया
B. ओलंपिक डैम - ऑस्ट्रेलिया
C. सोमीर - अल्जीरिया
D. सिगार झील - कनाडा

44.नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमे से एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है:

कथन (A
): भारत में जनगणना 1872 के बाद से की गई है और 2011 में पहली बार बायोमेट्रिक जानकारी एकत्र की गई थी।

कारण (R): आधार दुनिया की सबसे बड़ी बायोमेट्रिक आईडी प्रणाली है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

A. (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R),(A) की सही व्याख्या करता है
B. (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R),(A) की सही व्याख्या नहीं करता है
C. (A) सही है परन्तु (R) गलत है
D. (A) गलत है परन्तु (R) सत्य है

45.सौर मंडल का एकमात्र ग्रह कौन सा है जिसका नाम रोमन पौराणिक देव के नाम पर नहीं है?

A. बुध
B. पृथ्वी
C. नेपच्यून
D. यूरेनस

46.नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमे से एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है:

कथन (A): सूर्यातप या आतपन सौर विकिरण है जो पृथ्वी की सतह तक पहुंचती है।

कारण (R): आतपन को प्रति वर्ग मीटर प्रति घंटे प्राप्त सौर ऊर्जा की मात्रा से मापा जाता है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

कूट :

A. (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R),(A) की सही व्याख्या करता है
B. (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R),(A) की सही व्याख्या नहीं करता है
C. (A) सही है परन्तु (R) गलत है
D. (A) गलत है परन्तु (R) सत्य है

47.नीचे दो कथन दिए गए हैं, जिनमे से एक को कथन (A) तथा दूसरे को कारण (R) कहा गया है:

कथन (A): ब्राजील के दक्षिण-
पूर्वी तट पर अबरोलोस पवनें होती है। अबरोलोस मुख्य रूप से मई और अगस्त के बीच तेज़ बहने वाली पवनें होती है ।

कारण (R): अबरोलोस दक्षिण पूर्व व्यापार पवनों द्वारा निर्मित होती है जो पूर्वी ब्राजील के गर्म ताप और नमी को प्राप्त करती है।

नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए:

कूट :

A. (A) और (R) दोनों सही हैं तथा (R),(A) की सही व्याख्या करता है
B. (A) और (R) दोनों सही हैं परन्तु (R),(A) की सही व्याख्या नहीं करता है
C. (A) सही है परन्तु (R) गलत है
D. (A) गलत है परन्तु (R) सत्य है

48.सूची- II को सूची- II से सुमेलित कीजिये तथा सूचियों के नीचे दिए गए कूट से सही उत्तर चुनिए :

सूची I (उष्णकटिबंधीय चक्रवात) सूची II (देश)

A). टाइफून 1). जापान

B). हरिकेन 2). यूएसए

C). ताइफू 3). चीन

D). टोर्नेडो 4). मेक्सिको

कूट :

A B C D

A. 3 4 1 2
B. 3 4 2 1
C. 2 3 4 1
D. 2 1 3 4

49.महासागरों की लवणता के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1) महासागरों में विभिन्न लवणों का अनुपात बढ़ती गहराई के साथ बदलता रहता है।

2) सतह का वाष्पीकरण महासागरों में खारेपन को जोड़ता है।

3) उन क्षेत्रों में लवणता की मात्रा बहुत कम है जहाँ जल का मुक्त मिश्रण होता है।

नीचे दिए गए कूट से सही कथन /कथनों को चुनिए :

A. केवल1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. केवल 1,2 और 3

50.निम्नलिखित में से कौन सी महासागर धारा अटलांटिक महासागर से संबंधित है?

A. कनारी धारा
B. कुरोशियो धारा
C. अगुलहास धारा
D. ओयाशियो धारा
E. उपरोक्त में से कोई नहीं/उपर्युक्त में से एक से अधिक

51.ब्राजील में, मिनास गैरस राज्य प्रसिद्ध है:

A. टिन उत्पादन
B. चाय उत्पादन
C. कॉफी उत्पादन
D. रबर उत्पादन
E. उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

52.निम्नलिखित में से कौन सही रूप से सुमेलित नहीं है?

A. परमाणु खनिज अन्वेषण एवं अनुसंधान निदेशालय - मुम्बई
B. नाभिकीय ईंधन परिसर - हैदराबाद
C. भारतीय नाभिकीय ऊर्जा कॉरपोरेशन लिमिटेड - मुम्बई
D. गुरु जल बोर्ड - मुम्बई

53.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -

1. विक्टोरिया झील युगांडा ,तंजानिया और केन्या की सीमा बनाती है|

2. वोल्गा नदी कैस्पियन सागर मे गिरती है |
उपरोक्त में से कौन -सा/ से कथन सही है /हैं ?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न 1 और न ही 2

54.सूची 1 का सूची 2 से मेल कीजिये और दिए गए कूट में मे से सही उत्तर को चिन्हित कीजिए-

सूची 1(स्थानीय पवनें)	सूची 2(प्रभावित क्षेत्र)
A. विली-विली	1. अर्जेंटीना
B. जोंडा	2. उत्तरी अमेरिका
C. मिस्ट्रल	3. ऑस्ट्रेलिया
D.चिनूक	4. मध्यवर्ती यूरोप

कूट

A. A-1,B-2,C- 4,D- 3
B. A-3,B-1,C- 4,D- 2
C. A-2,B-1,C- 3,D- 4
D. A-3 ,B-1 ,C-4,D- 2

55.निम्नलिखित में से किस प्रकार की मिट्टी कॉफ़ी उत्पादन के लिए सर्वोत्तम है?

A. लाल मिट्टी
B. काली मिट्टी
C. बलुई मिट्टी
D. जलोढ़ मिट्टी

56.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -

कथन 1. हंबोल्ट की धारा ठंडी महासागरी धारा है

कथन 2. फाकलैंड की धारा गर्म महासागरी धारा है|

ऊपर दिए गए कथनों में से कौन-सा/से सही है / हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1और 2 दोनों

D. न 1 और न ही 2

57.किसी स्थान का स्थानीय समय 5 A.M है और ग्रीनविच टाइम (जीएमटी) 1:00 A.M बजा है, उस स्थान पर देशांतर रेखा की माप होगी ?

A. 45°पूर्व
B. 60°पश्चिम
C. 50°पश्चिम
D. 60°पूर्व

58.निम्नलिखित में से कौन सी चट्टान "अम्लीय चट्टान" नहीं है ?

A. ग्रेनाइट
B. रायोलाईट
C. डोलोराइड
D. पिचस्टोन

59.निम्नलिखित में से किस देश की सीमा पर "ओज़ोस डेल सैलेडो" सक्रिय ज्वालामुखी पाया जाता है?

A. इंडोनेशिया
B. इटली
C. इक्वाडोर
D. अर्जेंटीना

60.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए-

कथन 1. प्राथमिक (P) तरंगे सिस्मोग्राफ स्टेशन पर सबसे पहले पहुंचती है|

कथन 2. धरातलीय तरंगे (L तरंगों) की गति सबसे कम होती है परंतु यह तरंगे सबसे विनाशकारी होती हैं|

उपरोक्त कथनों में से कौन- सा/से सही है/हैं -

A. केवल 1
B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों
D. न 1 और न ही 2

61.हाल ही में बीएमपी-टी टर्मिनेटर चर्चा में था। यह संबंधित है -

A. बैलिस्टिक मिसाइल प्रणाली
B. बख़्तरबंद लड़ाकू वाहन
C. असॉल्ट राइफल
D. फ्रैग ग्रेनेड

62.निम्न में से कौन भारतीय नौसेना का एक पनडुब्बी रोधी युद्धक विमान है?

A. डोर्नियर 228
B. टीएच - 57
C. यूएवी हेरोन
D. बोइंग P-8I

63.निम्नलिखित में से कौन सा सारस एमके II के संदर्भ में सही है?

1. यह एक भारतीय बहुउद्देश्यीय लड़ाकू विमान है।

2. यह राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रयोगशाला (एनएएल) द्वारा स्वदेशी रूप से विकसित किया गया है।

निम्नलिखित में से कौन सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. दोनों 1 और 2
D. न तो 1 और न ही 2

64.निम्नलिखित में से कौन **P-15B (विशाखापत्तनम श्रेणी)** के अंतर्गत एक विध्वंसक नहीं है?

A. मुर्मुगांव
B. इंफाल

C. पारादीप
D. सूरत

65.हाल ही में, भारतीय वायु सेना ने किस लड़ाकू विमान से विस्तारित-रेंज ब्रहमोस मिसाइल का परीक्षण किया?

A. सुखोई-30
B. राफेल
C. एचएफ - 24 मारुत
D. मिराज - 2000

66.सेवानिवृत्त किए गए भारतीय नौसैनिक जहाज (INS) खुकरी को एक संग्रहालय में परिवर्तित करने की योजना है जो ________ में स्थित है।

A. विशाखापत्तनम
B. दीव
C. पोर्ट ब्लेयर
D. गोवा

67.हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने बेंगलुरु में लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट मार्क 1 (एलसीए एमके 1) एयरफ्रेम का एमएएफटी (MAFT) शुरू किया है। रक्षा के संदर्भ में MAFT का पूर्ण रूप क्या है?

A. Main Airframe Frontal Test
B. Main Airframe Fatigue Test
C. Missile Airframe Fatigue Test
D. Missile Airframe Fielding Test

68.भारतीय नौसेना की P75 परियोजना की छठी पनडुब्बी का नाम क्या है जिसे मझगांव डॉक लिमिटेड द्वारा लॉन्च किया गया था?

A. आईएनएस कलवरी
B. आईएनएस खंडेरी
C. आईएनएस करंज
D. आईएनएस वाग्शीर

69.लेज़र मिसाइल रक्षा प्रणाली के सम्बन्ध में कौन सा/से कथन सही नहीं है/हैं ?

1) इसे हाल ही में यूक्रेन द्वारा विकसित किया गया है ।

2) यह निर्देशित-ऊर्जा हथियार प्रणाली पर आधारित हवाई रक्षा प्रदान करने में उपयोगी है ।

कूट

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 ,न ही 2

70.किस देश ने सरमत अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है?

A. चीन
B. यूक्रेन
C. रूस
D. इज़राइल

71.निम्नलिखित में से कौन प्रकाश संश्लेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है?

A. हरित लवक
B. तारक काय
C. तानलवक
D. सूत्रकोरक

72.निषेचन के बिना बीज बनना _____________ की प्रक्रिया है।

A. अंकुरण
B. अपोमिक्सिस
C. स्पोरुलेशन
D. बडिंग

73.नीचे दिये गये कथनों में कौन से सही हैं?

1. रुधिर वर्ग 'A' वाला कोई व्यक्ति, रुधिर वर्ग 'A' तथा रुधिर वर्ग 'AB' वाले व्यक्तियों को रुधिर दान कर सकता है |

2. रुधिर वर्ग 'A' वाला कोई व्यक्ति, रुधिर वर्ग 'A', 'B', 'AB' अथवा 'O' वाले व्यक्तियों को रुधिर दान कर सकता है |

3. रुधिर वर्ग 'O' वाला व्यक्ति, किसी भी अन्य रुधिर वर्ग वाले व्यक्ति को रुधिर दान कर सकता है |

4. रुधिर वर्ग 'O' वाला व्यक्ति, किसी भी रुधिर वर्ग वाले व्यक्ति से रुधिर ले सकता है |

नीचे दिये गये कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

A. 1, 2, 3 और 4
B. केवल 1 और 2
C. केवल 3 और 4
D. केवल 1 और 3

74.पुंकेसर और जायांग दोनों के साथ फूल की स्थिति को ___________ के रूप में जाना जाता है।

A. स्टैमेन
B. उभयलिंगी फूल
C. पिस्टिल
D. एकलिंगी फूल

75.पौधे का निम्नलिखित में से कौन-सा हिस्सा लैंगिक जनन में भाग लेता है-

A. पत्ता
B. जड़
C. फूल
D. तना

76.परिपक्व ऊतकों के बीच होने वाले विभज्योतक को ___________विभज्योतक कहा जाता है।

A. अन्तर्वेशी
B. प्राथमिक
C. पार्श्व
D. शीर्ष

77.मानवों में निम्नलिखित में से कौन-सा एक रोग, वायु द्वारा फैल सकता है ?

A. डेंगू
B. क्षय रोग
C. एच आई वी एड्स
D. घेघा

78.निम्नलिखित में से कौन सा एक कथन सही नहीं है?

A. दालों में प्रोटीन की प्रचुरता होती है
B. दूध विटामिन A का समृद्ध स्रोत होता है
C. अनाज कार्बोहाइड्रेट के अत्यन्त अल्प स्रोत होते हैं
D. सब्जियाँ खनिजों की समृद्ध स्रोत होती है

79.निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा एक सही है?

A. प्रोकैरियोटिक कोशिकाओं में नाभिक होता है ।
B. वनस्पति और जंतु दोनों ही कोशिकाओं में कोश्किा.कला होती है ।
C. यूकैरियोटिक कोशिका में माइटोकॉन्ड्रिया और क्लोरोप्लास्ट नहीं पाए जाते ।
D. राइबोसोम केवल यूकैरियोटिक कोशिकाओं में उपस्थित होते हैं ।

80.निम्नलिखित में से कौन सी बीमारी गैर संचारी है?

A. हैजा
B. चिकनपॉक्स
C. क्षय रोग
D. गठिया

81.ध्वनि की प्रबलता किसके द्वारा निर्धारित की जा सकती है?

A. कंपन का आयाम
B. आयाम और कंपन की आवृत्ति का अनुपात
C. कंपन की आवृत्ति
D. आयाम और कंपन की आवृत्ति का उत्पाद

82.कोई वस्तु केवल गुरुत्व-क्रिया के अधीन निर्वात में मुक्त रूप से गिर रही है| निम्नलिखित में से कौन-सा एक, गिरने के दौरान, स्थिर बना रहता/बनी रहती है?

A. स्थितिज ऊर्जा
B. गतिज ऊर्जा
C. कुल रेखीय संवेग
D. कुल यांत्रिक ऊर्जा

83.कोई वस्तु केवल गुरुत्व-क्रिया के अधीन निर्वात में मुक्त रूप से गिर रही है । निम्नलिखित में से कौन-सा एक, गिरने के दौरान, स्थिर बना रहता/बनी रहती है?

A. स्थितिज ऊर्जा
B. गतिज ऊर्जा
C. कुल रेखीय संवेग
D. कुल यांत्रिक ऊर्जा

84.ध्वनि तरंग प्रकाश तरंग से किस प्रकार भिन्न होती है, इसके बारे में सभी असत्य हैं। सिवाय ध्वनि तरंग:

A. विवर्तन नहीं हो सकता जबकि प्रकाश तरंग कर सकती है।
B. एक दोलनशील वस्तु द्वारा निर्मित होती है जबकि एक प्रकाश तरंग नहीं होती है।
C. निर्वात से यात्रा नहीं कर सकते।
D. विभिन्न आवृत्तियों को प्रदर्शित करती है जबकि प्रकाश तरंग की एकल आवृत्ति होती है।
E. उपरोक्त में से कोई नहीं/उपरोक्त में से एक से अधिक

85.यदि काँच के प्रिज्म को सूर्य के प्रकाश के संपर्क में रखा जाए, तो निम्नलिखित में से कौन सी किरण सबसे कम अपवर्तित होगी?

A. लाल
B. नीला
C. हरा
D. पीला

86.प्रकाश किस माध्यम में सबसे तेज गति से चलता है?

A. काँच
B. वायु
C. हीरा
D. निर्वात

87.निम्नलिखित में से कौन सा स्थान सबसे कम गुरुत्वाकर्षण बल का अनुभव करता है?

A. भूमध्य रेखा
B. ध्रुव
C. भूमध्य रेखा और ध्रुव के बीच का एक बिंदु
D. कोई नहीं

88.निम्नलिखित में से कौन सा चुंबकीय पदार्थ चुंबकीय क्षेत्र द्वारा थोड़ा प्रतिकर्षित हो जाता है?

A. लौहचुंबकीय पदार्थ
B. प्रतिचुंबकीय पदार्थ
C. अनुचुंबकीय पदार्थ
D. संवहन पदार्थ

89.कौन सा विलयन विद्युत का संचालन नहीं करता है?

A. शर्करा का विलयन
B. सिरका का विलयन
C. नींबू के रस का विलयन
D. कास्टिक सोडा का विलयन

90.यदि 1 kg द्रव्यमान वाली एक वस्तु पर 1 N का बल डाला जाता है तो यह

A. 1 m/s की चाल से गति करेगी

B. 1 km/s की चाल से गति करेगी

C. 10 m/s^2के त्वरण से गति करेगी

D. 1 m/s^2के त्वरण से गति करेगी

91.मोलर द्रव्यमान में वृद्धि के साथ हाइड्रोकार्बन के गलनांक और क्वथनांक क्यों परिवर्तित होते हैं?

A. अंतर आणविक बल

B. अंतःआण्विक बल

C. वैन डेर वाल्स फोर्सेज

D. सहसंयोजक संबंध

92.नेफ़थलीन की गोलियां बिना कोई अवशेष छोड़े समय के साथ लुप्त हो जाती हैं, किसके कारण?

A. उर्ध्वपातन

B. वाष्पीकरण

C. विसरण

D. इनमे से कोई भी नहीं

93.क्लोरीन गैस से कौन सी जहरीली गैस तैयार की जा सकती है?

A. फॉसजीन गैस

B. क्लोरोपिक्रिन गैस

C. दोनों

D. इनमें से कोई नहीं

94.मैग्नीशियम पट्टी को हवा की उपस्थिति में जलाने पर किस रंग की राख बनती है?

A. काली

B. सफेद

C. पीली

D. गुलाबी

95.निम्नलिखित में से कौन सी प्रक्रिया डेयरी उद्योग में सबसे अधिक बार उपयोग की जाती है?

A. केन्द्रापसारक अलगाव
B. अवसादन सिद्धांत
C. क्रिस्टल विकास
D. ये सभी

96.निम्नलिखित में से सबसे विद्युतऋणात्मक तत्व है

A. सोडियम
B. ब्रोमीन
C. फ्लोरीन
D. ऑक्सीजन

97.सूची-I और सूची-II का मिलान करें और सूचियों के नीचे दिए गए विकल्पों से सही उत्तर का चयन करें:

सूची-I (पॉलिमर)	**सूची-II (उपयोग)**
1. बैकेलाइट	a. क्रॉकरी
2. पॉलिथीन	b. विद्युतीय विसंवाहन बटन
3. टिफ़लॉन	c. कैरी बैग, बोतलें
4. मेलामाइन	d. नॉनस्टिक बरतन

A. 1-b 2-c 3-d 4-a
B. 1-b 2-c 3-d 4-a
C. 1-a 2-b 3-c 4-d
D. 1-c 2-d 3-a 4-b

98.एक रासायनिक यौगिक पानी की उचित मात्रा के साथ मिलाएं जाने पर कठोर हो जाता है। इसका उपयोग जोड़ों को एक निश्चित स्थिति में बनाए रखने के लिए भी सर्जरी में किया जाता है। रासायनिक यौगिक का नाम बताइए।

A. बेकिंग सोडा

B. धावन सोडा

C. सोडियम हाइड्रॉक्साइड

D. प्लास्टर ऑफ पेरिस

99.जब लोहे की कील को कॉपर सल्फेट के विलयन में डुबाया जाता है, तो उसका रंग किसके कारण बदल जाता है?

A. अपघटन प्रतिक्रिया

B. अवक्षेपण अभिक्रिया

C. विस्थापन प्रतिक्रिया

D. संयोजन प्रतिक्रिया

100.मेंडलीफ की आवर्त सारणी में महत्वपूर्ण दोष क्या था?

A. कार्बन की स्थिति

B. अक्रिय गैसों की स्थिति

C. समस्थानिकों की स्थिति

D. इनमें से कोई नहीं